## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश के साथ द्वीपों में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में 2047 तक विकसित भारत के लिए एक रोडमैप तैयार कर आत्मनिर्भरता, नवाचार और नागरिक सशक्तिकरण पर ज़ोर दिया।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 समारोह का शुभारंभ किया।
- डिगलीपुर में कल पहले एसपी कप फुटबॉल चैंपियनशिप की शुरूआत की गई।

<><><><><><><><>

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई हैं। द्वीपसमूह में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आर.जी.टी. रोड स्थित श्री राधागोविंद मंदिर में आज और कल जन्माष्टमी मनाया जाएगा। आज सुबह से ही भजन–कीर्तन के कार्यक्रम चल रहे है, जो कल रात नौ बजे तक चलेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए गए हैं। उधर, लम्बालाईन के श्री शिव शंकर मंदिर में भी आज जन्माष्टमी मनाई जा रही है। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छ बजे से आंरभ होंगे।

<><><><><><><><>

उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देशवासियों को संबोधित किया, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया। उन्होंने आत्मनिर्भरता, नवाचार और नागरिक सशक्तिकरण पर ज़ोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने भारत की दूसरों पर निर्भर राष्ट्र से लेकर विश्व स्तर पर आत्मविश्वासी, तकनीकी रूप से उन्नत और आर्थिक रूप से लचीले देश बनने की यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पहलगाम हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के प्रदर्शन के रूप में सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि भारत 2025 तक अपनी पहली मेड–इन–इंडिया सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करेगा और परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल रहा है, जिससे ऊर्जा और प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भविष्य के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए भारत द्वारा उठाए गए साहसिक कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश से दवाओं और नवाचार में आत्मनिर्भरता हासिल करने का आग्रह किया। भारत की आक्रामक और निवारक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत से प्रेरणा लेते हुए मिशन सुदर्शन चक्र की शुरुआत की। .प्रधानमंत्री मोदी ने अगली पीढ़ी के आर्थिक सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की, जिसका उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को नियंत्रित

करने वाले कानूनों, नियमों और प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव लाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की, जो ₹1 लाख करोड़ की रोजगार योजना है जिसके तहत नव–नियोजित युवाओं को ₹15,000 मिलेंगे, जिसका लक्ष्य 3 करोड़ युवा भारतीयों को शामिल करना है। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 2025 तक अपने 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य को, निर्धारित समय से पाँच साल पहले ही प्राप्त कर चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की बढ़ती दक्षता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा। किसानों को और सशक्त बनाने के लिए, उन्होंने 100 पिछड़े कृषि जिलों के लिए प्रधानमंत्री धन्य धन्य कृषि योजना शुरू की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की जनसांख्यिकीय अखंडता की रक्षा के महत्व पर भी बात की। उन्होंने उच्च–स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा सुनिश्चित करना और रणनीतिक और सामाजिक, दोनों चुनौतियों से निपटना है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने तीन मशालें, तीन ज़िले, तीन ओलंपिक मूल्य के साथ फिट इंडिया अंडमान निकोबार खेल महोत्सव को हरी झंडी दिखाते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 समारोह का आधिकारिक शुभारंभ किया। उपराज्यपाल ने ओलंपिक शैली की तीन "फिटनेस की लौ" मशालें प्रक्षेपित कीं, जिनमें से प्रत्येक ओलंपिक मूल्यों – उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान – में से एक का प्रतीक है। प्रत्येक मशाल तीन ज़िलों में से एक का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिष्ठित एथलीट को सौंपी गई। मशाल ले जाने के लिए चुने गए एथलीटों में निकोबार जिले के लिए फुटबॉलर आनंद लॉसन, दक्षिण अंडमान जिले के लिए पैरा एथलीट प्राची टोप्पो और मध्योत्तर अंडमान जिले के लिए कैनोइस्ट और कायाकर रेजिना कीरो शामिल है। इस अवसर पर मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार ने कहा कि फिट इंडिया अंडमान निकोबार खेल महोत्सव "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में खेल संस्कृति का जश्न मनाने का एक अवसर है। खेल महोत्सव 31 अगस्त तक चलेगा। महोत्सव के दौरान अंतर–विद्यालय प्रतियोगिताएँ आयोजित किए जाएंगे, जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, स्थानीय खेल और नशा–विरोधी और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शामिल है। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर, प्रत्येक मशाल को ज़िले के एक ऐतिहासिक स्थल पर स्थापित किया जाएगा। उधर, अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं के लिए एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट–सह–चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। 31 अगस्त सुबह को नौ बजे आयोजित यह टूर्नामेंट जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में रखा गया है। एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक ने इस बारे में जानकारी दी है।

**बाईट–संजय–22 से0**

<><><><><><><>

डिगलीपुर में कल पहला एसपी कप फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 26 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट में तीन श्रेणियां पुरुष ओपन, अंडर–19 लड़के और अंडर–19 लड़कियां शामिल हैं। मैच शुरू होने से पहले, प्रतिभागियों और दर्शकों ने नशामुक्त समाज के

निर्माण का संकल्प लिया। एसडीपीओ अंकेश यादव ने नशे की लत से निपटने में खेलों की भूमिका पर ज़ोर दिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस. ने किया। अपने संबोधन में, उन्होंने युवाओं, महिलाओं, अधिकारियों और आम जनता से नशे के हानिकारक प्रभावों के प्रति सतर्क रहने और जागरूकता अभियानों में भाग लेने का आग्रह किया।

इस बीच, कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में कल स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र सिंह द्वारा 45 लोगों को उनके कार्य के प्रति समर्पित सेवा के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए। इसके अलावा एसी कप सीजन 3 का फुटबॉल फाइनल मैच भी खेला गया, जिसमें तांबी वॉरियर की टीम पिलोमिलो टीम को 2 गोल से हराकर विजयी रही। विजेता और उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्राफी से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>